gradeup

साप्ताहिक वन लाइनर्स

22-31 दिसम्बर 2019

साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

22-31 दिसम्बर 2019

महत्वपूर्ण दिवस

1. राष्ट्रीय गणित दिवस हर वर्ष मनाया जाता है _____**22 दिसंबर।**

नोट:

- रामानुजन प्राइम और रामानुजन थीटा खोजों ने इस गणितीय विषय पर आगे शोध को प्रेरित किया है।
- इनका निधन 6 अप्रैल 1920 को हो गया था।

2. भारत में सुशासन दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है_____**25 दिसंबर।**

नोट:

- यह दिवस पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- भारतीय नागरिकों के बीच सरकार में जवाबदेही की जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए प्रधान मंत्री वाजपेयी के सम्मान में वर्ष 2014 में सुशासन दिवस की शुरुआत की गई थी।
- सूचकांक प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, और सुशासन केंद्र द्वारा शुरू किया गया।

नई नियुक्ति

1. 40 से अधिक वर्षों बाद क्यूबा का पहला प्रधानमंत्री किसे चुना गया__ **मैनुअल मार्रेरो क्रूज़।**

नोट:

- क्यूबा में सन् 1976 में फिदेल कास्त्रो के राष्ट्रपति बनने के बाद प्रधानमंत्री पद खत्म कर दिया गया था।
- इस साल की शुरूआत में पारित कम्युनिस्ट-रन आइलैंड के लिए एक नए संविधान के नियमों के तहत इसे बहाल किया गया था।
- पेशे से वास्तुकार और 16 वर्षों तक पर्यटन मंत्री पद पर रहे, मार्रेरो ने पर्यटन को बढ़ावा देकर क्यूबा का आर्थिक विकासबढ़ाने में मदद की है।

2. भारत के नए विदेश सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया__ **हर्षवर्धन श्रृंगला।**

नोट:

- वर्तमान में वह अमेरिका में राजदूत हैं और देश के 33वें विदेश सचिव होंगे।
- वह विजय गोखले की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल 28 जनवरी 2020 को पूरा होगा।

3. वर्ष 2019-20 के लिए उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष के रूप में पदभार किसने संभाला ___ **डॉ. संगीता रेड्डी।**

नोट:

- उन्होंने HSIL के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संदीप सोमानी की जगह ली।
- वॉल्ट डिज़नी कंपनी APAC के अध्यक्ष और स्टार एंड डिज़नी इंडिया के अध्यक्ष उदय शंकर को उद्योग मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर पदोन्नत किया गया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

4. अमेरिकी सरकार के संघीय संचार आयोग में **पहली महिला मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी** के पद पर किसे नियुक्त किया गया ___ **डॉ. मोनीषा घोष।**

नोट:

- वह FCC के भारतीय-अमेरिकी अध्यक्ष अजीत पाई और प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग मुद्दों की एजेंसी को सलाह देंगी, और इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कार्यालय के साथ मिलकर काम करेंगी।
- डॉ. घोष 13 जनवरी, 2020 को पदभार ग्रहण करेंगी और डॉ. एरिक बर्गर की जगह लेंगी।

5. बोइंग के CEO जिन्होंने कंपनी में दो घातक दुर्घटनाओं के कठिन दौर में पद से इस्तीफा दिया ___**डेनिस मुइलेनबर्ग।**

नोट:

- मुइलेनबर्ग की जगह अध्यक्ष डेविड कैलहॉन (13 जनवरी 2020 से) लेंगे।
- मुइलेनबर्ग जुलाई 2015 में दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी के CEO बने थे।
- दो घातक दुर्घटनाओं में 346 लोगों के मारे जाने पर कंपनी के सर्वाधिक बिकने वाले कमर्शियल जेट का उपयोग मार्च 2019 में पूरी दुनिया में बंद कर दिया गया।
- बोइंग कंपनी एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो दुनिया भर में हवाई जहाज, रोटरक्राफ्ट, रॉकेट, उपग्रह, दूरसंचार उपकरण और मिसाइलों की डिजाइन, निर्माण और बिक्री करती है।

6. झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के नेता जिन्होंने राज्य के **11वें मुख्यमंत्री** पद की शपथ ली ____**हेमंत सोरेन।**

नोट:

- झारखंड की **राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू** ने रांची के मोरहाबादी मैदान में श्री सोरेन को पद की शपथ दिलाई।
- हेमंत सोरेन ने इससे पहले झारखंड के 5वें मुख्यमंत्री (13 जुलाई 2013 - 28 दिसंबर 2014) के रूप में भी कार्य किया था।
- 81 सदस्यीय विधानसभा में, हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने 47 सीटें और भाजपा ने 25 सीटें जीती हैं।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. भारत सरकार ने नेपाल आर्म्ड पुलिस फोर्स स्कूल के लिए कहां पर महिला छात्रावास का निर्माण किया___ **कीर्तिपुर।**

नोट:

- इस छात्रावास का उद्घाटन काठमांडू जिले के कीर्तिपुर में मिशन के उप-प्रमुख, भारत के दूतावास, डॉ, अजय कुमार द्वारा किया गया था।
- नेपाल सशस्त्र पुलिस फोर्स (APF) स्कूल नेपाल सशस्त्र पुलिस बल के APF कल्याण सेवा केंद्र के तहत बनाया गया एक शैक्षणिक संस्थान है।
- यह स्कूल 2005 में स्थापित किया गया था और इसमें 21 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं।

2. भारत के उप-राष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू ने किस पुस्तक का विमोचन किया ___**टर्बुलेंस एंड ट्रायम्फ - द मोदी इयर्स।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- यह पुस्तक राहुल अग्रवाल और भारती एस. प्रधान द्वारा लिखी गई है और इसका प्रकाशन ओम बुक्स इंटरनेशनल ने किया है।
- यह एक सचित्र पुस्तक है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गुजरात के वडनगर के एक युवा लड़के से नई दिल्ली स्थित 7, लोक कल्याण मार्ग तक भारत के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में यात्रा का वर्णन करती है।

3. भारत और ईरान ने कहां पर 19वीं संयुक्त आयोग बैठक (JCM) की अध्यक्षता की ___**तेहरान।**

नोट:

- वे द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण क्षेत्र की समीक्षा करते हुए चाबहार परियोजना पर काम में तेजी लाने के लिए सहमत हुए।
- यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री की ईरानी राष्ट्रपति हसन रूहानी के साथ मुलाकात होने की उम्मीद है।
- वर्ष 2018 में, ईरान और भारत ने दक्षिण-पूर्वी ईरान में चाबहार बंदरागाह को विकसित करने के लिए 85 मिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

4. राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहां पर **रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ इंडिया** का मोबाइल ऐप जारी किया _____ **हैदराबाद।**

नोट:

- उन्होंने राजभवन में तेलंगाना की राज्यपाल तमिलसाई सुंदरराजन द्वारा आयोजित रात्रिभोज में औपचारिक रूप से मोबाइल ऐप का उद्घाटन किया।
- तेलंगाना सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस द्वारा तीन महीने से कम समय में विकसित मोबाइल ऐप सभी भाषाओं में उपलब्ध है।

5. भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. के. विजय राघवन ने कौन सा नेटवर्क शुरू किया ____**ECO नेटवर्क।**

नोट:

- यह भारतीय पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में अनुसंधान, ज्ञान और जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देते हुएभारत में अंतः विषयक नेतृत्व के लिए आधारप्रदान करने वाला एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है।
- Echo नेटवर्क भारतीयों की एक नई पीढ़ी को उत्प्रेरित करने के लिए एक राष्ट्रीय नेटवर्क विकसित करेगा जो अंतःविषय अवधारणाओं को संश्लेषित कर सकता है और चिकित्सा, कृषि, पारिस्थितिकी और प्रौद्योगिकी में वास्तविक दुनिया की समस्याओं से निपट सकता है।

6. भारत ने कहां पर स्थित बेस से अपने **क्विक रिएक्शन सर्फेस टू एयर मिसाइल** (QRSAM) सिस्टम का सफल परीक्षण किया___ **ओडिशा तट।**

नोट:

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित मिसाइल प्रणाली वर्ष 2021 तक सशस्त्र बल में शामिल किए जाने की संभावना है।
- QRSAM हथियार प्रणाली, जो स्थान-परिवर्तन पर संचालित होती है, में पूर्णतया स्वचालित कमान और नियंत्रण सुविधा, एक्टिव एरे बैटरी सर्वेलान्स रडार, एक्टिव एरे बैटरी मल्टीफंक्शन रडार और लांचर लगे हुए हैं।
- इस मिशन के साथ, हथियार प्रणाली के उन्नतिशील परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है और इसे वर्ष 2021 तक तैयार करके शामिल किए जाने की उम्मीद है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

7. भारतीय तटरक्षक बल (ICG) ने कच्छ की खाड़ी में वादिनार से क्षेत्रीय स्तर के दो दिवसीय प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास का आयोजन किया ___**स्वच्छ समुद्र NW-2019।**

नोट:

- अभ्यास तेल प्रदूषण की घटनाओं के लिए प्रतिक्रिया तंत्र को प्रमाणिक बनाने और सुदृढ़ करने और भारतीय तटरक्षक बल को ऐसी घटनाओं में आवश्यक कार्यों को ठीक प्रकार से करने के लिए सक्षम बनाने हेतु आयोजित किया गया था।
- यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया गया था। प्रथम चरण के दौरान एक टैंकर से तेल रिसाव पर एक समूह चर्चा (टेबलटॉप एक्सरसाइज़) आयोजित की गई थी।
- जबकि अभ्यास के द्वितीय चरण के दौरान तेल रिसाव के वास्तविक परिदृश्य का प्रदर्शन किया गया था।

8. अमेरिकी **नेशनल साइंस फाउंडेशन** (NSF) द्वारा संकलित रिपोर्ट के अनुसार, **विज्ञान और इंजीनियरिंग लेखों** का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा प्रकाशक ___**भारत।**

नोट:

- चीन, जिसका वैज्ञानिक लेखों के सभी वैश्विक प्रकाशनों में 20.67 प्रतिशत योगदान है, शीर्ष स्थान पर है, इसके बाद अमेरिका का 16.54 प्रतिशत योगदान है।
- वर्ष 2008 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 48,998 विज्ञान और इंजीनियरिंग लेख प्रकाशित किए। यह वर्ष 2018 में बढ़कर 1,35,788 हो गए और अब विज्ञान और इंजीनियरिंग लेखों के कुल वैश्विक प्रकाशनों में देश का योगदान 5.31 प्रतिशत है।

9. प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में किस योजना की शुरूआत की __ **अटल भूजल योजना।**

नोट:

- अटल जल योजना को सात राज्यों (गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश) में भूजल प्रबंधन के संस्थागत ढांचे को मजबूत करने और स्थायी भूजल संसाधन प्रबंधन के लिए सामुदायिक स्तर पर व्यवहारिक परिवर्तन लाने के प्रमुख उद्देश्य से तैयार किया गया है।
- अटल जल पंचायत की अगुवाई में भूजल प्रबंधन और व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देगी।
- योजना के कार्यान्वयन से इन राज्यों के 78 जिलों में लगभग 8350 ग्राम पंचायतों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

10. प्रधान मंत्री **नरेंद्र मोदी** ने हिमाचल प्रदेश में **रोहतांग सुरंग** का नाम बदलकर क्या रखा____ **अटल सुरंग।**

नोट:

- सामरिक महत्व वाली अटल सुरंग इस क्षेत्र की किस्मत को बदल देगी और इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगी।
- 8.8 किलोमीटर लंबी सुरंग 3,000 मीटर से अधिक ऊंचाई पर दुनिया की सबसे लंबी सुरंग है।
- सुरंग के पूरा होने के बाद, यह लाहौल और स्पीति घाटी के दूरदराज के क्षेत्रों को सभी मौसम में सुगम मार्ग प्रदान करेगी और मनाली और लेह के बीच की दूरी 46 किलोमीटर तक कम कर देगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

11. मुंबई का रेलवे स्टेशन जिसे खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा पांच सितारा रेटिंग के साथ **'ईट राइट स्टेशन' प्रमाण पत्र** से सम्मानित किया गया___ **छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (CSMT)।**

नोट:

- CSMT यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला मध्य रेलवे का पहला स्टेशन है।
- CSMT को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के अनुपालन, स्वस्थ आहार की उपलब्धता, भोजन की तैयारी, खाद्य अपशिष्ट प्रबंधन, स्थानीय एवं मौसमी भोजन को बढ़ावे और खाद्य सुरक्षा एवं स्वस्थ आहार के बारे में जागरूकता पैदा करने के आधार पर चुना गया है।
- 'ईट राइट स्टेशन' पहल FSSAI और एक FMCG कंपनी द्वारा शुरू की गई 'ईट राइट इंडिया' पहल का एक भाग है जिसका उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर स्थैतिक खानपान इकाइयों में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देना है।

12. CNG सिलेंडरों वाली भारत की पहली लंबी दूरी की संपीड़ित प्राकृतिक गैस (CNG) बस का अनावरण कहां किया गया_____**नई दिल्ली।**

नोट:

- एक बार पूरी गैस भरी जाने पर यह लगभग एक हजार किलोमीटर की दूरी तय कर सकती है।
- पहली लंबी दूरी की अंतर्राज्यीय CNG बस दिल्ली से देहरादून तक चलेगी।
- महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अमेरिका की एजिलिटी फ्यूल सॉल्यूशन के साथ मिलकर बसों में कम वजनी टाइप IV संयुक्त सिलेंडर की नई अवधारणा शुरू करने के लिए IGL के साथ भागीदारी की है।

13. भारतीय रेलवे ने कहां से कहां तक नए **विस्टाडोम कोच** वाली **'हिम दर्शन एक्सप्रेस'** की शुरुआत की ____ **कालका रेलवे स्टेशन से शिमला तक।**

नोट:

- यह विशेष ट्रेन अगले एक वर्ष के लिए 24 दिसंबर, 2020 तक कालका और शिमला स्टेशन के बीच आवागमन करेगी।
- कालका के कैरेज एंड वैगन डिपो में निर्मित, यह ट्रेन कालका-शिमला मार्ग पर अपनी तरह की पहली ट्रेन है।
- ट्रेन में सात कोच होंगे जिनमें एक फर्स्ट क्लास सिटिंग कम लगेज रूम कोच (FCZLR) और छह प्रथम श्रेणी के एसी विस्टाडोम कोच हैं।
- हिम दर्शन एक्सप्रेस भारतीय रेलवे द्वारा शुरू किए गए विस्टाडोम कोच वाली पहली ट्रेन होगी जो नियमित रूप से चलेगी।

14. मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने किसके द्वारा तैयार किए गए पांच दस्तावेजों को लॉन्च किया ____ **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग।**

नोट:

- इन पांच दस्तावेजों में मूल्यांकन सुधार, पर्यावरण के अनुकूल और संवहनीय विश्वविद्यालय परिसरों, मानवीय मूल्यों और पेशेवर नीतिशास्त्र, संकाय प्रवर्तन और शैक्षणिक अनुसंधान अखंडता शामिल हैं।
- इस अवसर पर मानव संसाधन विकास मंत्री ने SATAT और मूल्य प्रवाह के बारे में भी बताया, ये दोनों ही UGC फ्रेमवर्क हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

15. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री **डॉ. हर्षवर्धन** ने **'ईट राइट मेले' का दूसरा संस्करण** शुरू किया _____ **नई दिल्ली।**

नोट:

- 'ईट राइट मेला' नागरिकों को स्वस्थ आहार लेने और देश में बीमारी के बोझ को कम करने के लिए प्रोत्साहित करने की एक पहल है। समारोह का विषय **'स्वस्थ आहार'** (**Healthier Diets**) है।
- भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित, 'ईट राइट मेला' नागरिकों को सही आहार लेने की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए एक सराहनीय प्रयास है।
- पहला 'ईट राइट मेला' दिसंबर, 2018 में नई दिल्ली में शुरू किया गया था।

16. पुस्तक **"ड्रीम्स ऑफ ए बिलियन: इंडिया एंड द ओलंपिक गेम्स"** के लेखक_____**बोरिया मजूमदार और नलिन मेहता।**

नोट:

- यह पुस्तक वर्ष 2020 में टोक्यो में आयोजित होने वाली बड़ी खेल प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ने के लिए वैश्विक खेल ओलंपिक के अखाड़े में भारत के सफर, जीत, हार, स्टार खिलाड़ी, उनकी कहानियों और भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं का वर्णन करेगी।

17. भारत के नेत्र रोग विशेषज्ञ जिन्हें अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी (AAO) के सर्वोच्च पुरस्कार लाइफ अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया ___ **डॉ. संतोष जी. होनवार।**

नोट:

- **अमेरिकन एकेडमी ऑफ ऑप्थल्मोलॉजी** (AAO) नेत्र विशेषज्ञों का विश्व का सबसे बड़ा संघ है।

18. प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और राजनीतिक विश्लेषक जिन्होंने **'पॉलिटिक्स ऑफ अपॉर्चुनिज्म'** (Politics of Opportunism) नामक एक पुस्तक का विमोचन किया ___ **एस. गुरुमूर्ति।**

नोट:

- यह पुस्तक आर.पी.एन. सिंह द्वारा लिखी गई थी जो क्षेत्रीय दलों के उदय और केंद्र-राज्य संबंध से जुड़े विषयों पर प्रकाश डालती है।
- इस अवसर पर, श्री गुरुमूर्ति ने अवसरवाद की राजनीति पर अपने विचार साझा किए।
- नागरिकता संशोधन अधिनियम ऐसे अल्पसंख्यक समुदायों को नागरिकता प्रदान करता है जिन्होंने तीन पड़ोसी देशों में धार्मिक उत्पीड़न का सामना किया और भारत आए।

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. कश्मीर में कड़ाके की ठंड का **40 दिनों का समय** जो घाटी के ऊपरी इलाके में बर्फबारी के साथ शुरू हुआ ___**चिल्लई-कलां।**

नोट:

- ये 40 दिन ऐसे होते हैं जब बर्फबारी की संभावना सर्वाधिक होती है और अधिकतम तापमान अत्यधिक कम हो जाता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

2. राजस्थान के मुख्यमंत्री **अशोक गहलोत** ने पहली **जनता क्लिनिक** का उद्घाटन किया _____**मालवीय नगर, जयपुर।**

नोट:

- इसके प्रथम चरण में, जयपुर में 12 जनता क्लीनिक खोले जाएंगे, जहां लोगों को नि:शुल्क दवाइयां, और कुछ समस्याओं में नि:शुल्क चिकित्सा जांच प्रदान की जाएगी।
- बाद में, इस योजना के द्वितीय और तृतीय चरण में, अन्य क्षेत्रों में जनता क्लीनिक खोले जाएंगे।

3. आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, **वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी** ने हथकरघा बुनकरों के लिए कौन सी योजना शुरू की ___ **वाईएसआर नेथन्ना नेस्थम।**

नोट:

- यह योजना उनकी 3,648 किलोमीटर प्रजा संकल्प यात्रा के दौरान हथकरघा बुनकरों को किए गए वादे पर आधारित थी।
- इस योजना से राज्य में 85,000 हथकरघा बुनकर परिवारों को लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत, निजी करघे वाले बुनकरों के बैंक खातों में हर वर्ष सीधे 24,000 रुपये जमा किए जाएंगे। लाभार्थी के बैंक के पुराने बकायों को धनराशि में समायोजित नहीं किया जाएगा।

4. ओडिशा की कला और संस्कृति को दर्शाने वाली भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को किसने हरी झंडी दिखाई _____ **धर्मेंद्र प्रधान।**

नोट:

- ट्रेन को विनाइल आवरण पर ओडिशा की नृत्य शैली, पुरातात्विक स्मारकों, पारंपरिक पट्टचित्र, और वनस्पतियों और जीवों की उच्च गुणवत्ता वाली डिजाइन दर्शाते हुए सजाया गया है।
- ईस्ट कोस्ट रेलवे (ECoR) और नेशनल एल्युमीनियम लिमिटेड कंपनी (NALCO) ने इस संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।
- श्री प्रधान ने ओडिया भाषा में अनारक्षित ट्रेन टिकट भी लॉन्च किया, जो पूरे राज्य के 317 स्टेशनों पर उपलब्ध होगा।

5. ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए देश का **पहला विश्वविद्यालय** उत्तर प्रदेश के किस जिले में खोला जाएगा _____ **कुशीनगर जिले।**

नोट:

- यह इसके सदस्यों को कक्षा एक से लेकर पीजी तक अध्ययन करने और यहां तक कि शोध करने और पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगा।
- विश्वविद्यालय अखिल भारतीय किन्नर शिक्षा सेवा ट्रस्ट (ऑल इंडिया ट्रांसजेंडर एजुकेशन सर्विस ट्रस्ट) द्वारा बनाया जा रहा है।

6. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहां पर **राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव** का उद्घाटन किया _____**रायपुर, छत्तीसगढ़।**

नोट:

- छत्तीसगढ़ में पहली बार राष्ट्रीय जनजातीय नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
- देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और 6 देशों के 1300 से अधिक प्रतिभागी इस तीन दिवसीय नृत्य महोत्सव में भाग ले रहे हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- 23 राज्यों के 151 कला मंडलों के लगभग 1,400 कलाकार और श्रीलंका, बेलारूस, युगांडा और बांग्लादेश सहित छह देशों के अतिथि कलाकार इस आदिवासी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे।

7. लोसर महोत्सव किस केंद्र शासित प्रदेश (UT) में मनाया जा रहा है__ **लद्दाख।**

नोट:

- लद्दाख क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों के लोग, तिब्बती कैलेंडर के ग्यारहवें महीने के पहले दिन लोसर मनाते हैं, जो ग्रेगोरियन कैलेंडर में इसी तारीख से संबंधित है।
- यह महोत्सव लद्दाख के विभिन्न हिस्सों में तीन से नौ दिनों तक जारी रहता है।
- लोसर महोत्सव में प्रतीकात्मक भोजन बनाना और भगवान और देवी को चढ़ाना शामिल है।
- इस वर्ष, यह नवोदित केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

8. नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा किए गए प्रथम ध्वजारोहण की 76वीं वर्षगांठ कहां मनाई गई _____**पोर्ट ब्लेयर।**

नोट:

- उप-राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने फ्लैग प्वाइंट, पोर्ट ब्लेयर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।
- सुभाष मेला समिति स्वराजद्वीप ने एक बाइक रैली और एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

9. हरियाणा के मुख्यमंत्री **मनोहर लाल खट्टर** ने वर्ष 2020 को किस रूप में मनाने की घोषणा की _____**सुशासन संकल्प वर्ष।**

नोट:

- इसके एक भाग के रूप में, राज्य के लोगों से शासन के क्षेत्र में सुझाव और सुधार मांगे जाएंगे।
- इसके लिए उन्होंने एक वेबसाइट जारी की है, जिस पर लोग अपने सुझाव अपलोड कर सकते हैं।

10. पांच दिवसीय कार्यक्रम **'मांडू महोत्सव'** (प्रथम संस्करण) कहां शुरू हुआ _____**मांडू (मध्य प्रदेश)।**

नोट:

- 'मांडू महोत्सव' का आयोजन मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा शहर के समृद्ध इतिहास को विस्तारपूर्वक जानने के लिए किया गया।
- 'खोजने मे खो जाओ' विचार पर आधारित, मांडू महोत्सव में आगंतुकों को प्रदर्शन कला, कार्यशालाओं, पगडंडी, भोजन, वास्तुकला और संगीत का मिश्रण प्रदर्शित किया जा रहा है।

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. गैलापगस द्वीप समूह में ईंधन रिसाव के पर्यावरणीय खतरे को रोकने के लिए आपातकाल की घोषणा किसने की____**इक्वाडोर।**

नोट:

- यह द्वीपसमूह इक्वेडोर से 1,000 किलोमीटर पूर्व में स्थित हैं।
- यह दुर्घटना उस समय हुई जब जहाज पर कंटेनर रखते समय क्रेन टूट गयी।
- गिरते हुए कंटेनर ने, जहाज का संतुलन बिगाड़ दिया, जिसके कारण वह डूब गया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- लैटिन अमेरिकी गैलापगस द्वीपसमूह एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है और ग्रह पर सबसे संकटग्रस्त पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक है।

2. आठ पश्चिम अफ्रीकी देशों ने अपनी आम मुद्रा का नाम 'सीएफए फ्रैंक' से बदलकर क्या किया _____ **ईको।**

नोट:

- यह घोषणा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की आइवरी कोस्ट की यात्रा के दौरान की गई, जिन्होंने इस फैसले को एक ऐतिहासिक सुधार बताया है।
- भले ही सौदा होने में छह महीने लगेहों, लेकिन आम मुद्रा इको 2020 में ही अपने अस्तित्व में सामने आएगी।
- ये देश वर्तमान में सीएफए फ्रैंक को अपनी मुद्रा के रूप में उपयोग करते हैं।

3. चीन, रूस और ईरान ने कहां पर **त्रिपक्षीय नौसेना अभ्यास** आयोजित किया _____ **ओमान की खाड़ी।**

नोट:

- यह अस्थिर मध्य पूर्व में तीनों देशों द्वारा इस तरह की पहली पहल होगी।
- चीनी नौसेना ने अभ्यास में भाग लेने के लिए एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पोत भेजा है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य तीन देशों की नौसेनाओं के बीच आदान-प्रदान और सहयोग को मजबूत करना और विश्व शांति और समुद्री सुरक्षा को संयुक्त रूप से बनाए रखने के लिए तीनों दोनों की सद्भावना और क्षमता का प्रदर्शन करना है।

4. चीन ने देश का सबसे बड़ा कैरियर रॉकेट सफलतापूर्वक लॉन्च किया ___ **'लॉन्ग मार्च -5'।**

नोट:

- रॉकेट (CZ के नाम से भी जाना जाता है) 1,000 टन से अधिक थ्रस्ट के साथ लॉन्च हुआ।
- चीनी अंतरिक्ष अधिकारियों ने इसके साथ भेजे गए शिजियान -20 उपग्रह के निर्धारित कक्षा में स्थापित होने पर लॉन्च के आधे घंटे बाद मिशन को "पूर्णतया सफल" घोषित किया।
- यह रॉकेट लॉन्च करने का देश का तीसरा (पहला और दूसरा विफल) प्रयास है।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. पूर्व मिस वर्ल्ड जिन्हें अमेरिकी पशु अधिकार संगठन PETA द्वारा **सेक्सिएस्ट वेजिटेरियन पर्सनालिटी** चुना गया __ **मानुषी छिल्लर।**

नोट:

- मानुषी शाकाहार की समर्थक हैं और उन्होंने वैश्विक मंचों पर भी इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए हैं।
- मानुषी को यशराज फिल्म्स के सबसे बड़े ऐतिहासिक नाटक 'पृथ्वीराज' के लिए चुना गया है जहां वह अक्षय कुमार के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

2. मेजर अनूप मिश्रा को किस बुलेटप्रूफ जैकेट के निर्माण लिए सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत द्वारा **आर्मी डिजाइन ब्यूरो (ADB) उत्कृष्टता पुरस्कार** से सम्मानित किया गया___ **'सर्वत्र'।**

नोट:

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- बुलेटप्रूफ जैकेट 'सर्वत्र' सैनिकों को घातक स्नाइपर राइफल की गोलियों से प्रभावी रूप से सुरक्षा प्रदान कर सकती है।
- ADB की स्थापना उद्योग और शैक्षणिक समुदाय के साथ मिलकर काम करने और भारतीय सेना के लिए स्वदेशी समाधान विकसित करने के लिए की गई थी।
- वर्तमान में, मेजर अनूप पुणे के मिलिट्री इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रशिक्षक के रूप में तैनात हैं।

3. 2019 मिस टीन इंटरनेशनल का ताज किसने जीता ___**आयुषी ढोलकिया।**

नोट:

- उन्हें पिछले वर्ष की विजेता मैक्सिको की ओडलिस डुअर्टे द्वारा ताज पहनाया गया था।
- इसके साथ, वह सौंदर्य प्रतियोगिता के 27 वर्षों के इतिहास में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय और एशियाई भी बन गईं।
- येसेनिया गार्सिया (पैराग्वे) प्रथम उप-विजेता और बोत्सवाना की अनीसिया गाओथुसी द्वितीय उप-विजेता रहीं।

4. भारत के पूर्व कप्तान जिन्हें वर्ष 2019 के लिए प्रतिष्ठित **सीके नायडू लाइफटाइम अवार्ड** के लिए चुना गया __ **कृष्णामाचारी श्रीकांत।**

नोट:

- 60 वर्षीय श्रीकांत ने 43 टेस्ट मैच खेले, जिसमें दो शतकों और 12 अर्धशतकों की सहायता से 2062 रन बनाए।

5. भारत की पूर्व महिला कप्तान जो वर्ष 2019 के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार की सह-प्राप्तकर्ता हैं__ **अंजुम चोपड़ा।**

नोट:

- वे मुंबई में 12 जनवरी, 2020 को आयोजित होने वाले BCCI वार्षिक पुरस्कार समारोह के दौरान पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

6. संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनी 'दशक समीक्षा' रिपोर्ट में **"दुनिया की सबसे प्रसिद्ध किशोरी"** (मोस्ट फेमस टीनएजर इन द वर्ल्ड) किसे चुना गया___ **मलाला यूसुफजई।**

नोट:

- मलाला यूसुफजई महिला शिक्षा को बढ़ावा देने वाली पाकिस्तानी कार्यकर्ता और सबसे युवा नोबेल शांति पुरस्कार (2014) विजेता हैं।
- रिपोर्ट में वर्ष 2010 के प्रारंभ और 2013 की समाप्ति के बीच हुई प्रमुख घटनाओं का एक दशक, प्रतिष्ठित व्यक्ति और समझौते शामिल है जो सर्वाधिक प्रसिद्ध हुए।

खेल समाचार

1. वर्ष 2019 के लिए अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) विश्व चैंपियंस _____ **एश्ले बार्टी और राफेल नडाल।**

नोट:

- इन्हें अपने शानदार सत्रों के लिए पुरस्कृत किया जाएगा जहाँ वे क्रमशः महिलाओं और पुरुषों की रैंकिंग में शीर्ष पर रहे हैं।
- 2014 में क्रिकेट के लिए टेनिस छोड़ने वाली बार्टी,2016 में वापस खेल में लौटने के बाद, 1973 में मार्गरेट कोर्ट के बाद, फ्रेंच ओपन जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई बनीं, जब उन्होंने जून में चेक गणराज्यकी मार्का वोंदरसोवा को हराया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- नडाल नेएतिहासिक 12वीं बार फ्रेंच ओपन और चौथी बार यू.एस. ओपन जीतकर और स्पेन को उसका छहवां डेविस कप खिताब दिलाने के बाद चौथी बार सत्र के आखिरी में आईटीएफ विश्व खिताब अपने नाम किया है।

2. भारत के शटलर जिन्होंने ढाका में पुरुष एकल बांग्लादेश जूनियर इंटरनेशनल बैडमिंटन सीरीज 2019 जीती____ **मैसनाम मीराबा लुवांग।**

नोट:

- शीर्ष वरीयता प्राप्त मीराबा ने फाइनल में केन योंग ओंग को 21, 14, 21-18 से हराया।

3. अगले तीन साल के लिए अफ्रीकी सुपर कप की मेजबानी कौन करेगा___**दोहा।**

नोट:

- दोहा में अफ्रीकी सुपर कप अगले संस्करण के साथ 14 फरवरी, 2020 को आयोजित किया जाएगा।
- इस वर्ष की शुरुआत में, कतर ने पहली बार अफ्रीकी सुपर कप की मेजबानी की थी जब चैंपियन ऑफ कन्फेडरेशन मोरक्को "कन्फेडरेशन" ने ट्यूनीशियाई "चैंपियन" को 2-1 से हराया था।

4. पूर्व भारतीय कप्तान धोनी को क्रिकेट **ऑस्ट्रेलिया की दशकीय एकदिवसीय टीम** का कप्तान बनाया गया।

नोट:

- क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की दशकीय ODI टीम: रोहित शर्मा, हाशिम अमला, विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, शाकिब अल हसन, जॉस बटलर, एमएस धोनी (कप्तान), मिशेल स्टार्क, ट्रेंट बोल्ट, लसिथ मलिंगा, राशिद खान।

5. दोहा के **कतर इंटरनेशनल कप** में महिलाओं के 64 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय भारोत्तोलक ___**राखी हलदर।**

नोट:

- उन्होंने स्नैच और टोटल लिफ्ट दोनों में 218 किग्रा (स्नैच में 95 किग्रा + क्लीन एंड जर्क में 123 किग्रा) के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ वरिष्ठ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।
- भारत ने तीन पदक के साथ ओलंपिक क्वालीफाइंग रजत स्तर की प्रतिस्पर्धा का समापन किया।

6. भारतीय कप्तान जो **विजडन के दशक के क्रिकेटरों** में शामिल पांच खिलाड़ियों में से एक हैं ___ **विराट कोहली।**

नोट:

- विराट कोहली ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज **स्टीव स्मिथ**, और दक्षिण अफ्रीका के **डेल स्टेन और एबी डिविलियर्स** के ग्रुप में शामिल हुए हैं।
- ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर **एलिस पेरी** सूची में एकमात्र महिला क्रिकेटर हैं।
- वर्ष 2019 में, कोहली ने 64.05 की औसत से सभी प्रारूपों में कुल 2,370 रन बनाए।

7. पूर्व एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता मुक्केबाज जिन्हें **नेशनल डोपिंग रोधी एजेंसी** (नाडा) द्वारा एक वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया ___ **सुमित सांगवान।**

नोट:

- एलीट मेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के दौरान 10 अक्टूबर को संस्था द्वारा सांगवान का नमूना एकत्र किया गया था।
- खेलों की डोपिंग रोधी शासी संस्था ने अपने निर्णय की घोषणा की।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- टोक्यो ओलंपिक 2020 में शामिल होने को तैयार और ओलंपिक क्वालीफायर सूची में नामित मुक्केबाज निश्चित रूप से इस प्रतिस्पर्धा में शामिल नहीं होंगे।

8. 26 दिसंबर, 2019 को **बेंगलुरु ओपन गोल्फ चैंपियनशिप** जीतकर PGTI का खिताब किसने हासिल किया __**अभिनव लोहान।**

नोट:

- यह टाटा स्टील PGTI पर लोहान का पहला खिताब और इस वर्ष की उनकी दूसरी जीत है, पहली जीत उन्होंने लखनऊ में आयोजित PGTI फीडर टूर में हासिल की थी।
- क्षितिज नावेद कौल, प्रियांशु सिंह और वीर अहलावत के बाद लोहान टाटा स्टील PGTI के इस सत्र में अपना पहला खिताब हासिल करने वाले चौथे भारतीय गोल्फर बन गए।

9. किसने घोषणा की है कि वर्ष 2020 एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में उनका अंतिम वर्ष होगा __ **लिएंडर पेस।**

नोट:

- लिएंडर (वर्ष 1992 में अपना ओलंपिक पदार्पण किया) अगले वर्ष टोक्यो ओलंपिक में अंतिम अंलकरण की तलाश करेंगे।
- उन्होंने आठ युगल और दस मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।
- पेस को भारत में टेनिस में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार (वर्ष 1996-97 में), अर्जुन पुरस्कार (वर्ष 1990 में), पद्म श्री पुरस्कार (वर्ष 2001 में) और पद्म भूषण पुरस्कार (जनवरी 2014 में) से सम्मानित किया गया।
- उन्होंने वर्ष 1996 के अटलांटा ओलंपिक खेलों में एकल में भारत के लिए कांस्य पदक जीता।

10. दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर जिन्होंने इंग्लैंड के साथ आगामी टेस्ट श्रृंखला के समापन के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास की घोषणा की___ **वर्नोन फिलेंडर।**

नोट:

- फिलेंडर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में तीनों प्रारूपों में 97 मैच खेले हैं, जिसमें कुल 1784 रन बनाने के साथ 261 विकेट लिए हैं।
- उन्होंने अपने पहले सात टेस्ट मैचों में 51 विकेट भी लिए जिससे उन्हें 2012 दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड प्रदान किया गया।

11. भारतीय ग्रैंडमास्टर जो वर्ष 2019 **महिला विश्व रैपिड चैंपियन** बनीं __ **कोनेरू हम्पी।**

नोट:

- उन्होंने रूस के मास्को में खेले गए फाइनल में नाटकीय ढंग से चीन की लेई तिंगजी को हराया।
- शुरुआती गेम हारने के बाद, हम्पी ने वापसी की और 12 राउंड में नौ अंक जुटाकर तिंगजी के साथ बराबरी पर मुकाबला खत्म किया।
- तिंगजी ने रजत पदक हासिल किया, जबकि तुर्की की एकातेरिना अतालिक ने कांस्य जीता।
- नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने पुरुषों का खिताब हासिल किया।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

1. MSME क्षेत्र को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए **गुजरात सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन** पर किसने हस्ताक्षर किए __ **बैंक ऑफ बड़ौदा।**

नोट:

- समझौता ज्ञापन के अनुसार, ग्रीनफील्ड परियोजनाओं, स्टार्टअप, महिला उद्यमियों और पिछड़े क्षेत्रों के उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।
- ऋण का लाभ उठाने के लिए, BoB ग्राहकों को गुजरात सरकार के सिंगल-विंडो पोर्टल पर उपलब्ध लिंक पर अनुरोध दर्ज करना होगा।
- BoB पोर्टल पर निर्देश के बाद अगला कदम उठाएगा।

2. फेडरल बैंक ने बैंक द्वारा वसूली की कार्यवाही में जब्त की गई अचल संपत्तियों के सूचीकरण और ई-नीलामी के लिए किस ऑनलाइन रियल एस्टेट प्लेटफॉर्म के साथ भागीदारी की__ **मैजिकब्रिक्स।**

नोट:

- यह कदम बैंक की कम हुई संपत्ति की शीघ्र वसूली के उद्देश्य से उठाया गया है, इससे ग्राहकों को उनकी संपत्तियों के लिए बाजार में सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी।
- बैंक इस वर्ष की चौथी तिमाही में 50 करोड़ रुपये की राशि तक के 30 प्रमुख खातों से बकाया राशि की वसूली के लिए हाउसिंग पोर्टल के साथ अखिल भारतीय व्यवस्था में जुट गया है।
- इस समझौते के तहत, फेडरल बैंक खरीदारों के लिए किसी भी भौगोलिक प्रतिबंध को दूर करते हुए मैजिकब्रिक्स की जनसांख्यिकीय और उपभोक्ता श्रेणियों तक पहुंच का लाभ उठाएगा।

3. कोटक डेबिट कार्ड्स पर EMI के भुगतान को सक्षम बनाने के लिए कोटक महिंद्रा बैंक के साथ किसने करार किया ___ **पाइन लैब्स।**

नोट:

- एक व्यापारिक प्लेटफॉर्म कंपनी **पाइन लैब्स**, और कोटक महिंद्रा बैंक ने **कोटक डेबिट कार्ड्स** पर समान मासिक किस्तों (EMI) के भुगतान को सक्षम बनाने के लिए करार किया।
- यह व्यवस्था 10 मिलियन से अधिक उपयुक्त कोटक डेबिट कार्ड ग्राहकों को उनकी खरीद के लिए पाइन लैब्स पीओएस टर्मिनलों के माध्यम से आसान किस्तों में भुगतान करने में सक्षम बनाती है।
- पाइन लैब्स का पूरे भारत में 150,000 से अधिक व्यापारियों का नेटवर्क है। यह उपभोक्ताओं और व्यापारियों दोनों के लिए एक फायदे का सौदा होगा क्योंकि EMI उपभोक्ताओं की खरीदारी की क्षमता का विस्तार करती है।

4. भारत में डिजिटल लेनदेन के लिए एक नए सेमी-क्लोज्ड प्रीपेड भुगतान साधन (PPI) की शुरुआत किसने की ____**भारतीय रिजर्व बैंक (RBI)।**

नोट:

- नए PPI का उपयोग 10,000 रुपये की सीमा तक की वस्तुओं और सेवाओं के लेनदेन में किया जा सकता है।
- यह निर्देश भुगतान एवं निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 की धारा 10(2) के साथ धारा 18 के तहत जारी किया गया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- ये PPI दैनिक घरेलू माल एवं सेवाओं की खरीद के लिए स्थानीय दुकानों और खुदरा दुकानों पर दैनिक भुगतान के डिजिटलीकरण को बढ़ाएंगे।

5. राष्ट्र की रक्षा में **राजस्व खुफिया निदेशालय** (DRI) की विशिष्ट सेवा और गौरवशाली योगदान की स्मृति में एक **डाक टिकट** किसने जारी किया____**निर्मला सीतारमण।**

नोट:

- DRI देश की सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण में सुधार के साथ-साथ तस्करी का मुकाबला करने में भी बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है।

6. पाकिस्तान को 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की दूसरी किश्त के रूप में 452.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर किसने प्रदान किए _____ **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)।**

नोट:

- 452 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की दूसरी किश्त जारी करना सरकार की आर्थिक नीतियों पर IMF का विश्वास दर्शाता है।
- IMF ने 20 दिसंबर को वाशिंगटन में अपने कार्यकारी बोर्ड की एक बैठक में 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की विस्तारित निधि सुविधा के अंतर्गत पाकिस्तान के लिए ऋण की दूसरी किश्त को मंजूरी दी थी।
- पाकिस्तान ने IMF से जुलाई में ऋण कार्यक्रम के तहत पहली किश्त प्राप्त की थी।

7. आईटी कंपनी जिसने उभरती प्रौद्योगिकियों पर एक प्रशिक्षण मंच शुरू करने के लिए उद्योग संस्था नैसकॉम के साथ साझेदारी की ____ **विप्रो।**

नोट:

- यह मंच छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ़ थिंग्स, साइबर स्पेस पर प्रशिक्षण देगा।
- इस मंच के माध्यम से, विप्रो भारत के 20 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों के 10,000 छात्रों को प्रशिक्षित करेगा।
- यह विप्रो के कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी प्रोग्राम, टैलेंटनेक्स्ट का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए संकाय और शैक्षणिकनेतृत्व को तैयार करके इंजीनियरिंग शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है।

8. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2020 के लिए **भारत के आर्थिक विकास पूर्वानुमान** को अपरिवर्तित रखा ____ **6.1%।**

नोट:

- वित्त वर्ष 2020 के लिए IMF का पूर्वानुमान अधिकांश एजेंसियों के पूर्वानुमान से बहुत अधिक है।
- **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI):** 5%।
- **स्टैंडर्ड एंड पुअर्स:** 5.1%।

9. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने किस नवगठित प्रदेश के लिए जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड को UTLBC (केंद्र शासित प्रदेश प्रमुख बैंक संयोजक) के रूप में नियुक्त किया _____ **जम्मू और कश्मीर (केंद्र शासित प्रदेश)।**

नोट:

- भारतीय स्टेट बैंक (SBI) केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए प्रमुख संयोजक बैंक होगा।

श्रद्धांजलियां

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

1. प्रख्यात हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका जिनका निधन हो गया __ **विदुषी सविता देवी।**

नोट:

- सविता देवी को बनारस घराने के ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी और टप्पा जैसी विभिन्न अर्ध-शास्त्रीय गीत शैलियों में महारत होने के चलते शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित सदस्य माना जाता था।
- उन्होंने अपनी मां पर एक जीवनी लेख "मां ... सिद्धेश्वरी" लिखा और कई वर्षों तक दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज में संगीत विभाग की प्रमुख रहीं।

2. इंग्लैंड विश्व कप विजेता खिलाड़ी जिनका निधन हो गया ___ **मार्टिन पीटर्स।**

नोट:

- पीटर्स 1966 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे और उन्होंने पश्चिम जर्मनी के खिलाफ फाइनल में गोल किया था।
- बॉबी मूर, एलन बॉल, रे विल्सन और गॉर्डन बैंक्स के बाद पीटर्स इंग्लैंड की विश्व कप फाइनल टीम के पांचवें सदस्य हैं, जिनकी मृत्यु हुई है।

3. अमेरिकी गीतकार जिनका दिल का दौरा पड़ने के बाद निधन हो गया __**एली विलिस।**

नोट:

- वह लोकप्रिय हास्य टीवी शो 'फ्रेंड्स' के थीम सॉन्ग "I'll Be There For You" के लिए जानी जाती थीं।
- उसके नाम पर कई हिट सॉन्ग जैसे अर्थ, विंड एंड फायर हैं, जिसे वर्ष 2018 में सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्होंने वर्ष 1985 में "बेवर्ली हिल्स कॉप" के साउंडट्रैक पर अपने काम के लिए ग्रैमी अवॉर्ड जीता था।

4. चीन के प्रतिभाशाली कहानीकार जिनका निधन हो गया ___ **दा चेन।**

नोट:

- समीक्षकों द्वारा प्रशंसित, सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक कलर्स ऑफ द माउंटेन में उन्होंने देश की सांस्कृतिक क्रांति के बाद के वर्षों में उनके और उनके परिवार के साथ हुए दुर्व्यवहारों के बारे में बताया।
- उनकी पुस्तक 'कलर्स ऑफ द माउंटेन' सात भाषाओं में प्रकाशित हुई थी।
- उनकी सबसे हाल की पुस्तक, **गर्ल अंडर ए रेड मून**, केवल तीन महीने पहले प्रकाशित हुई थी।

5. प्रख्यात हिंदी लेखक जिनका दक्षिणी श्रीलंका में एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया ____**गंगा प्रसाद विमल।**

नोट:

- श्री विमल ने एक दर्जन से अधिक कविता संग्रह, लघु कहानी संग्रह और उपन्यास लिखे।
- उनका अंतिम उपन्यास 'मानुषखोर' वर्ष 2013 में प्रकाशित हुआ था
- उन्हें कई हिंदी साहित्यिक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

6. कहां पर स्थित तटीय शहर उडुपी में पेजावर मठ के **स्वामी विश्वेश तीर्थ** (88 वर्षीय) का निधन हो गया __**कर्नाटक।**

नोट:

- स्वामीजी पेजावर मठ की वंशावली में 32वें स्वामी हैं, जिसके बाद विश्वमान्य तीर्थ हैं।
- उन्होंने बैंगलोर में पूर्णप्रज्ञान विद्यापीठ की स्थापना की थी, जिसकी स्थापना को 63 वर्ष पूरे हो गए हैं।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

- पेजावर मठ उडुपी के 'अष्ट' मठों में से एक है।

7. अनुभवी राजनीतिक कार्टूनिस्ट जिनका मुंबई में निधन हो गया __ **विकास सबनीस।**

नोट:

- बाल ठाकरे और आर.के. लक्ष्मण से प्रेरित होकर, उन्होंने 1968 में अपना करियर शुरू किया था।
- तब से, 50 से अधिक वर्षों तक, सबनीस ने टाइम्स ऑफ इंडिया और मिड-डे सहित विभिन्न समाचार पत्रों में एक कार्टूनिस्ट के रूप में काम किया।
- उन्होंने विभिन्न विषयों और मुद्दों पर व्यंग-चित्र और राजनीतिक कार्टून बनाए।

----------0----------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to 200+ Defence Mock Tests
CLICK HERE

Gradeup Green Card

Includes

- 200 + Full-length Mocks
- 5+ Defence Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

gradeup